# पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड,

पंजीकृत कार्यालयः– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज उ0प्र0, (भारत)–273303
**E-mail: seedcmaharajganj@gmail.com** **CIN-U31200UP2003SGC027461**

पत्रांक : 1044 /वि0वि0मं0(मह0)/ दिनांक : 08/05/2026

सेवा में,

1. विज्ञापन व्यवस्थापक,
आज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक गोरखपुर।

2. विज्ञापन व्यवस्थापक
गोरखपुर मेल, गोरखपुर।

महोदय,

1. कृपया संलग्नक विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 10.05.2026 तक के अंक में "कम से कम स्थान में" (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 12 प्वाइंट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 10' प्वाइन्ट टाइप मे) (समाचार पत्र में केवल "एक कालम में") प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे के नाम व पता यथासम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
2. स्माचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 08 से0मी0 चौड़ाई के कॉलम (Equivalent to 2 columbs of newspaper) में प्रकाशित कराया जाये।
3. ई–निविदा प्रकाशन करने में निदेशक (वितरण), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक 488/रेस्पो/द्वि0प्र0 दिनांक 06.08.2025 (छायाप्रति संलग्न) का पूर्ण अनुपालन कराया जाये।
4. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएं जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिल के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
5. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, डी.ए.वी.पी. की दरों की प्रमाणित प्रति में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डी0एल0डब्ल्यू0 वाराणसी को एवं अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
6. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा में और हिन्दी भाषा के समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
7. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम् एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
9. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
10. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजकों का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।

वाई0पी0 सिंह
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक– /वि0वि0मं0(म0)/ दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. जनसम्पर्क अधिकारी, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, विद्युतनगर, पो0 डी0एल0डब्ल्यू0, वाराणसी।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण), पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, गोरखपुर क्षेत्र, गोरखपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम, महराजगंज/द्वितीय–आनन्दनगर/निचलौल/नौतनवां/परी0 खण्ड–महराजगंज।
4. कार्यालय नोटिस बोर्ड।

संलग्नक–विज्ञापन आदेश।

वाई0पी0 सिंह
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक 1044/अ.अ.मं.(मह.)/ दिनांक 08/05/2026

Bold
Hindi font-Kruti Dev 010
size 12
English font- Times new
roman size 10

8 cm

Bold
Hindi font-Kruti Dev 010
size 14
English font- Times new
roman size 12

**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज**

**ई–निविदा सूचना** **दिनांक : 09.05.2026**

1 5/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लाईनों के मरम्मत एवं पुनः निर्माण कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

2 6/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत आकस्मिक क्षतिग्रस्ता को दूर करने मरम्मत कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

3 7/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम महराजगंज के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों के खराब/क्षतिग्रस्त को भण्डार केन्द्र तक एवं नया/मरम्मत शुदा परिवर्तक को भण्डार केन्द्र से साइट तक पहुचाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 3000

4 8/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय आनन्दनगर के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लाईनों के मरम्मत एवं पुनः निर्माण कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

5 9/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय आनन्दनगर के अन्तर्गत आकस्मिक क्षतिग्रस्ता को दूर करने मरम्मत कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

6 10/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय आनन्दनगर के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों के खराब/क्षतिग्रस्त को भण्डार केन्द्र तक एवं नया/मरम्मत शुदा परिवर्तक को भण्डार केन्द्र से साइट तक पहुचाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 2000

7 11/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–नौतनवां के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लाईनों के मरम्मत एवं पुनः निर्माण कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5500

8 12/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड– नौतनवां के अन्तर्गत आकस्मिक क्षतिग्रस्ता को दूर करने मरम्मत कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

9 13/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–नौतनवां के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों के खराब/क्षतिग्रस्त को भण्डार केन्द्र तक एवं नया/मरम्मत शुदा परिवर्तक को भण्डार केन्द्र से साइट तक पहुचाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 2500

10 14/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–निचलौल के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लाईनों के मरम्मत एवं पुनः निर्माण कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

11 15/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–निचलौल के अन्तर्गत आकस्मिक क्षतिग्रस्ता को दूर करने मरम्मत कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 5000

12 16/EDC(M)MRJ/2026-27 विद्युत वितरण खण्ड–निचलौल के अन्तर्गत विभिन्न क्षमता के वितरण परिवर्तकों के खराब/क्षतिग्रस्त को भण्डार केन्द्र तक एवं नया/मरम्मत शुदा परिवर्तक को भण्डार केन्द्र से साइट तक पहुचाने का कार्य। प्रपत्र शुल्क–रू0 1180 धरोहर धनराषि 2000

**ई–निविदा की अन्तिम तिथि : 22 मई 2026, 14.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.inपर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

(वाई0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता

# यांत्रिक कारखाना में 'कम्प्यूटरीकृत ब्रेक परीक्षण फैसिलिटी' का उद्घाटन



कम्प्यूटरीकृत ब्रेक परीक्षण फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबन्धक डॉ० सुनील कुमार शर्मा साथ में अन्य।

**गोरखपुर (गो०मे०)।** यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर कार्यशाला के आधुनिकीकरण एवं गुणवत्ता सुधार की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मार्गदर्शन में कारखाना नई तकनीकों को अपना कर अपने कर्मचारियों को आधुनिक प्रणालियों एवं उन्नत अनुरक्षण तकनीकों में निरंतर प्रशिक्षित भी कर रहा है। इसी क्रम में, मुख्य कारखाना प्रबन्धक/यांत्रिक कारखाना डॉ० सुनील कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्री विजय कुमार ने शुक्रवार को कारखाना स्थित एयर ब्रेक शॉप में सभी एल.एच.बी. एवं आई.सी.एफ. कोचों के अंतिम एयर ब्रेक परीक्षण हेतु अत्याधुनिक कम्प्यूटरीकृत ब्रेक परीक्षण फैसिलिटी (सिंगल कार टेस्ट रिग–एस.सी.टी.आर.) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/कार्य अनुज कुमार मिश्र, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर श्री सत्येंद्र कुमार वर्मा, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य कारखाना प्रबन्धक डॉ० सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि कार्यशाला में आधुनिक तकनीकों का निरंतर समावेश गुणवत्ता एवं अनुरक्षण दक्षता को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

यह अत्याधुनिक प्रणाली कोचों के ब्रेक सिस्टम की जाँच को अधिक तेज, सटीक एवं विश्वसनीय बनायेगी। इसमें ऑटोमेटिक लॉगिंग, डिजिटल डिस्प्ले एवं डेटा रिकॉर्डिंग जैसी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व तथा अन्य ब्रेक उपकरणों का त्रुटिरहित परीक्षण किया जा सकेगा। इस प्रणाली की विशेषता है कि यह बिना लोकोमोटिव के ही कोच के ब्रेक सिस्टम की स्वचालित जाँच करने में सक्षम है। परीक्षण के दौरान यह प्रणाली विभिन्न मानकों की स्वतः जाँच कर उनका डेटा रिकॉर्ड करती है। इसके माध्यम से एयर लीकेज, इमरजेंसी ब्रेक की कार्यक्षमता तथा ब्रेक रिलीज प्रणाली जैसी महत्वपूर्ण स्थितियों का तेज एवं सटीक परीक्षण किया जा सकेगा, जिससे सम्भावित त्रुटियों का समय रहते पता लगाया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, कोचों के ब्रेक सिलेंडर तथा एयर सस्पेंशन से जुड़े उपकरणों की ऑटोमेटिक जाँच की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे कोचों की विश्वसनीयता एवं यात्रा सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा।

इस प्रणाली में इंटेलिजेंट टेस्टिंग एंड फेलियर सिमुलेशन जैसी आधुनिक सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके माध्यम से सम्भावित त्रुटियों का पहले से आकलन किया जा सकेगा। इससे कोचों के दीर्घकालिक अनुरक्षण विश्लेषण को अधिक व्यवस्थित, सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। इस तकनीक के उपयोग से मानवीय त्रुटियों की सम्भावना कम होगी तथा रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं तकनीक सक्षम बनाने में सहायता मिलेगी।

# रेल यात्रा सम्बन्धी अनुभव हिंदी में लिखित रूप में आमंत्रित

**गोरखपुर (गो०मे०)।** रेल कर्मियों, सेवानिवृत्त रेल कर्मियों उनके परिजन सहित आम जनता से रेल यात्रा सम्बन्धी अनुभव मंगाने एवं उनके अनुभवों के आधार पर रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा उनमें हिंदी के प्रयोग–प्रसार को बढ़ाने के उद्देश्य से, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना–वर्ष 2026 के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर रेल यात्रा सम्बन्धी अनुभव हिंदी में लिखित रूप में आमंत्रित किये गये हैं। जिसमें विजेता प्रतिभागियों में एक को प्रथम पुरस्कार के रूप में रू. 10,000/– (रू. दस हजार), द्वितीय पुरस्कार के रूप में रू. 8,000/– (रू. आठ हजार), तृतीय पुरस्कार के रूप में रू. 6,000/– (रू. छः हजार) तथा पाँच को प्रेरणा पुरस्कार के रूप में रू. 4,000/– (रू. चार हजार) की राशि प्रत्येक को एवं प्रशस्ति–पत्र प्रदान किया जायेगा। रेल यात्रा वृत्तांत प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी रेलकर्मी अपनी प्रविष्टि तीन प्रतियों में 21 जुलाई, 2026 तक राजभाषा अधिकारी, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर को तथा सेवानिवृत्त रेलकर्मी अथवा अन्य व्यक्ति अपनी टंकित प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई, 2026 तक सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नं. 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आई.टी.ओ., नई दिल्ली–110002 को भेज सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त प्रविष्टियों पर मंत्रालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

रेल यात्रा वृत्तांत हिंदी भाषा में कम से कम 3,000 हजार एवं अधिकतम 3,500 शब्दों तक होना चाहिये। रेल यात्रा वृत्तांत डबल स्पेस में टाइप किया हुआ होना चाहिये, जिसके चारों तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया होना चाहिये। पृष्ठ क्रमानुसार अंकित होने चाहिये तथा शब्दों की कुल संख्या लिखी होनी चाहिये। वृत्तांत के प्रथम पृष्ठ के ऊपर एक अलग पन्ना लगाया जाये, जिस पर बड़े अक्षरों में शीर्षकः रेल यात्रा वृत्तांत–2024, उप शीर्षकः लेखक द्वारा दिया गया शीर्षक, नाम, पदनाम, आयु, कार्यालय/निवास का पता, मातृभाषा, रेलवे फोन नम्बर, मोबाइल नम्बर, ई–मेल तथा वृत्तांत के शब्दों की संख्या आदि का उल्लेख किया जाना चाहिये। इस योजना में भाग लेने वाले केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकारी/कर्मचारी पर सतर्कता/अनुशासन एवं अपील नियम से सम्बन्धित मामला लम्बित या विचाराधीन न हो। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य व्यक्ति को भी घोषणा पत्र देना होगा कि उन पर अपराधिक मामला नहीं है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को घोषणा पत्र में यह भी उल्लेख करना होगा कि 'सम्बन्धित रेल यात्रा वृत्तांत मेरी मौलिक रचना है, इसे किसी अन्य पुरस्कार योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।

# यह विश्विद्यालय के तेजी से बदलते अकादमिक संस्कृति का एक और परिचायक है : कुलपति

## कुलपति प्रो पूनम टंडन ने दी शुभकामनाएं

**यू जी सी केयर लिस्ट, वेब ऑफ साइंस, एब्सको – यू एस, इंडियन साइंस एब्स्ट्रेक्ट्स निसकेयर, रिसर्च बाइबल जापान और रिसर्च गेट में इंडेक्स्ड अर्थात सूचीबद्ध है यह शोध पत्रिका।**



संवाददाता

गोरखपुर। दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की आदरणीय कुलपति प्रो पूनम टंडन जी ने इस शोध पत्र के प्रकाशन पर अपनी हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि यह विश्विद्यालय के तेजी से बदलते अकादमिक संस्कृति का एक और परिचायक है। पहले कला संकाय के पारंपरिक विषयों यथा साहित्य और मानविकी में स्कॉपस प्रकाशन नहीं के बराबर होते थे। इधर दो वर्षों में इसकी शुरुआत हुई है। हम अन्य विभागों से भी यह आशा करते हैं कि वे भी अपने प्रकाशन ऐसे अंतरराष्ट्रीय मानक वाले शोध पत्रिकाओं में अपने शोध को प्रकाशित करें। इससे विश्वविद्यालय की रेटिंग में भी सुधार आता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे प्रकाशन होते रहने चाहिए। उन्होंने शोधार्थियों को इसके लिए शाबाशी दी है।

अंग्रेजी विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में कार्यरत अंग्रेजी विभाग के प्रो आमोद कुमार राय एवं उनकी शोध छात्रा जेहरा शमशीर का शोध पत्र 'एनवायरनमेंटल डिस्कोर्स – इन सिलेक्टेड टेक्स्ट्स ऑफ साइंस, मीडिया एंड लिटरेचर' देश विदेश में अत्यधिक गुणवत्तायुक्त शोध पत्रिका इकोलॉजी, एनवायरनमेंट और कंजरवेशन के अप्रैल अंक में प्रकाशित हुआ है। ज्ञात हो कि यह शोध पत्रिका देश विदेश में लगभग 12 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स रखती है और क्यू वन श्रेणीं में हाई इंडेक्स 21 के साथ साथ गूगल स्कॉलर हाई इंडेक्स 19 और नास रेटिंग 5.05 का अत्यधिक उच्च मानक प्राप्त है। विश्विद्यालय के कला संकाय के किसी भी प्राध्यापक के लिए यह पहला अवसर है जब उनका शोध पत्र इतने उच्चीकृत मानक युक्त शोध पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। इस पत्रिका का प्रकाशन EM इंटरनेशनल के द्वारा होता है।

इस शोध पत्र में लेखकों के द्वारा यह बताया गया है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए साहित्य, विज्ञान और मीडिया जगत में जो अलग–अलग डिसकोर्सेज अर्थात वैचारिकी बनाई जाती है उनसे यदि हम अलग–अलग इनपुट प्राप्त करने की कोशिश करते हैं तो वह उतना फलदायी नहीं होगा। व्यवहारिक और कार्य योजना में अमल लाने योग्य रणनीति अथवा डिस्कोर्स तभी कारगर होगा जब हम इन तीनों विषयों में प्रतिपादित पर्यावरण संरक्षण के उपाय और रणनीतियों का एक तुलनात्मक विश्लेषणात्मक अध्ययन करेंगे। विज्ञान हमें यह बताता है कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए केवल भावनात्मक रूप से बड़ी–बड़ी शास्त्र सम्मत बातें करके कोई लाभ प्राप्त नहीं होगा। हमे सूक्ष्म विश्लेषण करना होगा। साहित्य ने भी समय–समय पर विभिन्न सिद्धांतों के द्वारा यह बताने की कोशिश की है कि हमें पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कुछ ठोस उपाय करने होंगे। विज्ञान जगत के द्वारा बताए गए बिंदुओं के साथ संवेदनाओं को जोड़ते हुए एक कुशल रणनीति बनानी होगी। साहित्य एवं विज्ञान के अलावा मीडिया जगत में भी रह रहकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेको कार्यक्रम और लेख श्रृंखलाएं चलाई जाती हैं। हमें उन पर भी बहुत पैनी नजर रखनी होगी। संपूर्ण वसुधा को एक इकाई मानकर अलग–अलग क्षेत्र में किस तरह के पर्यावरणीय चेतना को जागृत करने की आवश्यकता है इसका ज्ञान हमें तभी हो पाएगा जब हम इन तीनों विषयों में एक अंतरानुशासी अध्ययन को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे।

फेयरक्लॉग के डिस्कोर्स एनालिसिस सिद्धांत के परिप्रेक्ष्य में इस शोध पत्र को पूर्ण किया गया है।

एडवर्ड विल्सन की कृति हॉफ अर्थ – आवर प्लैनेट्स फाइट फॉर लाइफ़,

रामचंद्र गुहा की कृति स्पीकिंग विथ नेचर– द ओरिजिन ऑफ इंडियन एनवायरनमेंटलिजम और नाओमी क्लेन ऑन फायर– द बर्निंग केस फॉर ए ग्रीन न्यू डील के तुलनात्मक अध्ययन से शोधार्थियों ने यह बताने का प्रयास किया है कि मानव केंद्रित चिंतन को किनारे कर वसुधा केंद्रित नीतियां बनाने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। हम सभी को मिलकर वास्तविक पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में आगे बढ़ना होगा। केवल पर्यावरण दिवस मना भर लेने से पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी पूरी नहीं हो जाती।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो सुनीता मुर्मू, प्रो आलोक कुमार, प्रो अजय शुक्ला, प्रो गौरहरि बेहरा, प्रो अवनीश राय, प्रो शिखा सिंह आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों शोधार्थियों को अनेक शुभकामनाएं दी हैं।

# विशेष गाड़ियों में सीट की उपलब्धता

**गोरखपुर (गो०मे०)।** रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुगम एवं आरामदायक यात्रा हेतु अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष गाड़ियों में 31 मई, 2026 तक के लिये 08 मई, 2026 को सायं बर्थ/सीट की उपलब्धता निम्नवत है।

– गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर–नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 16 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 432 बर्थ, 30 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 805 बर्थ उपलब्ध हैं।

– मऊ से चलने वाली 05301 मऊ–अम्बाला कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 14 मई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 01 एवं वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 69 बर्थ, 21 मई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 06, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 87 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 290 एवं वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 63 बर्थ तथा 28 मई, 2026 को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 106, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 322, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 103 एवं शयनयान श्रेणी 42 बर्थ उपलब्ध हैं।

– गोरखपुर से चलने वाली 01416 गोरखपुर–हडपसर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 26 मई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 74 एवं शयनयान श्रेणी में 42 बर्थ तथा 27 मई,2026 को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 33 एवं शयनयान श्रेणी में 167 बर्थ उपलब्ध हैं।

– गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर–नारंगी ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 29 मई, 2026 को शयनयान श्रेणी में 59 बर्थ उपलब्ध हैं।

– अछनेरा से चलने वाली 05061 अछनेरा–टनकपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 10 मई,2026 को वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी में 08 सीट तथा 11 मई,2026 को वातानुकूलित कुर्सीयान श्रेणी में 80 सीट उपलब्ध हैं।

– गोरखपुर से चलने वाली 05057 गोरखपुर–दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 14 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 729 बर्थ, 21 मई, 2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 809 बर्थ तथा 28 मई,2026 को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 829 एवं शयनयान श्रेणी में 158 बर्थ उपलब्ध हैं।

– मऊ से चलने वाली 05096 मऊ–कोलकाता ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी में 27 मई, 2026 को वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी में 11 एवं शयनयान श्रेणी में 69 बर्थ उपलब्ध हैं।

# शोध पात्रता परीक्षा का अंतिम चयन परिणाम एवं प्रवेश कार्यक्रम घोषित

विधि एवं इंजीनियरिंग के परिणाम रविवार को घोषित किए जाएंगे : प्रो. हर्ष सिन्हा

**रेट 2025 प्रवेश के आवेदन से अंतिम परिणाम की प्रक्रिया तीन माह से कम समय में पूरी करना सुखद है। नए सत्र की शुरुआत से ही उनका कोर्सवर्क शुरू हो जाएगा।**
**– कुलपति प्रो पूनम टंडन**

**संवाददाता**
**गोरखपुर।**

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा शोध पात्रता परीक्षा (RET) 2025 का अंतिम परिणाम आज देर शाम आधिकारिक रूप से जारी कर दिया गया है। कुलपति प्रो पूनम टंडन ने रिकॉर्ड समय में घोषित परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए आशा व्यक्त की है कि सफल अभ्यर्थी शीघ्र ही विश्वविद्यालय परिवार का हिस्सा बनेंगे।

परीक्षार्थी अपना परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल dduguadmission.in पर अपने रोल नंबर और जन्मतिथि की सहायता से देख सकते हैं।

## प्रवेश एवं काउंसिलिंग कार्यक्रम भी जारी

- **परिणाम घोषणा के साथ ही विश्वविद्यालय ने आगामी प्रवेश प्रक्रिया की रूपरेखा भी स्पष्ट कर दी है। शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की ओर से निर्गत सूचना के अनुसार, कैटेगरीवार सीटों का आवंटन और प्रतीक्षा–सूची का प्रकाशन 16 मई, तक कर दिया जाएगा।**
- **चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन 18 से 20 मई के मध्य किया जाएगा, जिसके उपरांत अभ्यर्थी 21 से 25 मई तक अपना शुल्क जमा कर सकेंगे।**
- **शोधार्थियों को शोध पर्यवेक्षक या सह–शोध पर्यवेक्षक आवंटित किए जाने की प्रक्रिया 27 मई से 9 जून के बीच संपन्न होगी। अंततः, नव–प्रवेशित शोधार्थियों का कोर्स वर्क जुलाई 2026 के द्वितीय सप्ताह से प्रारंभ कर दिया जाएगा।**

यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि 8 फरवरी से शुरू हुई प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 27 और 28 मार्च को आयोजित लिखित परीक्षा में 46 विषयों के कुल 2343 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। 3 अप्रैल को घोषित लिखित परीक्षा के परिणाम में 1339 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए अर्ह पाए गए थे, जिनके इंटरव्यू 20 अप्रैल से आयोजित किए गए।

प्रो सिन्हा ने बताया कि विधि एवं इंजीनियरिंग के परिणाम रविवार को घोषित किए जाएंगे। सभी सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु निर्धारित समय–सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कर लें।

# 08 अदद ई–टिकटों के साथ दुकान संचालक गिरफ्तार

**गोरखपुर (गो०मे०)।**

रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर–पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है।

**इसी क्रम में,**

– 07 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल एवं अपराध आसूचना शाखा कासगंज द्वारा संयुक्त रूप से निगरानी के दौरान पटियाली रेलवे स्टेशन स्थित एक दुकान से ई–टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक दुकान संचालक को 08 अदद ई–टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया।

– 07 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म संख्या–02 पर 08 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

– 07 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बुढ़वल एवं सामाजिक संस्था लखनऊ तथा चाइल्ड हेल्प लाइन बाराबंकी द्वारा निगरानी के दौरान गाड़ी संख्या–15211 में 14 से 17 वर्ष के 09 लड़के लावारिस हालत में मिले। पूछताछ के उपरान्त सभी लड़को को चाइल्ड लाइन बाराबंकी को सुपुर्द किया गया।

# प्रायोगिक ठहराव की अधिसूचना अपरिहार्य कारणों से निरस्त

**गोरखपुर (गो०मे०)।**

पूर्व में 19045/19046 सूरत–थावे–सूरत एक्सप्रेस का दिघवा दुबौली स्टेशन पर 02 मिनट के प्रायोगिक ठहराव की अधिसूचना को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

# यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटर की कक्षाओं में अवर अंक पाने वालों को किया गया सम्मान

मेजा प्रयागराज।

यूपी बोर्ड के परीक्षा में सर्वोच्च अंक पाने वाले जांगीलाल इंटर कॉलेज कोहड़ार के छात्र–छात्राओं को प्रबंधक संतोष जैन व प्रधानाचार्य राजेश तिवारी ने माला पहनाकर वह मिठाई खिलाकर स्वागत किया। प्रबंधक संतोष जैन ने कहा कि हाई स्कूल में अंकित निषाद व सृष्टि मिश्रा इंटर में छात्र आकाश केसरी शशांक मिश्रा ने जिस प्रकार से सर्वोच्च अंक यूपी बोर्ड में पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है, ऐसी छात्राओं से अन्य छात्रों को भी सीख लेने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य राजेश तिवारी ने अव्वल छात्राओं को पुस्तक प्रदान की। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक प्रकाश चंद तिवारी, नागेंद्र सिंह ,रमेश चंद्र ,मंगल प्रसाद शर्मा ,अनुराधा तिवारी अनूप जैन ,अशोक कुमार, हिमांशु यादव ,बालकृष्ण तिवारी तुलसीदास तिवारी ,प्रसून मिश्रा, आदर्श तिवारी सहित कई उपस्थित रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम, ल०जं०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल बिड सिस्टम आधारित खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है :–

**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्याः 01-2026-Mech-FRT-DM, कार्य का नामः "रिपेयर, मेन्टेनेन्स एण्ड हाउसकीपिंग एक्टिविटी एट गोण्डा सिकलाईन एण्ड फ्रेट यार्ड फार टू इयर" अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 7,06,84,393.41, अग्रिम धन (रू०में): ₹ 14,13,700/-, निविदा की अवधिः 24 माह। • ई–निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 01-06-2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा दिनांक 01-06-2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई–निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि०म०यॉं०इंजी०/ईएनएचएम, फ्रेट एवं डीएम**
मुजाधि/यॉंत्रिक–17 /ल०जं०, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना : ओ०टी०–09–2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं०: ओटी-09-2026,** कार्य का विवरण : गोमतीनगर स्टेशन/यार्ड में प्रस्तावित 03 नम्बर नये स्टैबलिंग लाईन के विद्युतीकरण कार्यों का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं संस्थापन का कार्य। अनुमानित लागत : रू. 18458078.73, बयाना राशि : रू. 369200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - निल, कार्य पूर्ण करने की अवधि - 12 महीना, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय - 29.05.2026 को 15:00 बजे (भारतीय समयानुसार)।

नोट : • इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट http://www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**उप मुख्य विद्युत इंजी०/निर्माण, लखनऊ**
**मुजाधि/विद्युत – 36**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

